


**उत्तर :** हाँ, इस तरह की तख्ती बगीचे में लगी होती है।

**Q2. क्या तख्ती लगी होने के बाद भी लोग फूल तोड़ लेते हैं?**

**उत्तर :** नहीं। प्रायः लोग इस तरह की तख्ती लगे होने के बाद फूल नहीं तोड़ते।

**Q3. तुम्हें क्या लगता है, वे ऐसा क्यों करते हैं?**

**उत्तर :** कुछ लोग नियम तोड़ देते हैं।

**Q4. क्या उन्हें ऐसा करना चाहिए?**

**उत्तर :** नहीं। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

**Q5. अगर सब लोग ऐसा करने लगें, तो क्या होगा?**

**उत्तर :** तो, कोई भी फूल नहीं बचेगा जिससे कि बगीचा सुंदर लग सके।

## चलो पास से देखें

**Q1. जो बच्चे फूल ला सकते हैं, वे कक्षा में एक-दो फूल लाएँ। ध्यान रहे कि पेड़-पौधों से गिरे हुए फूल ही इकड़े करने हैं। तोड़ने नहीं हैं। तीन-चार बच्चों के समूह बनाओ और किसी एक फूल को ध्यान से देखो और लिखो फूल किस रंग का है?**

**उत्तर :** लाल रंग का।।

**Q2. इसकी खुशबू कैसी है?**

**उत्तर :** इसकी खुशबू काफी अच्छी है।

**Q3. आकार कैसा है? घंटी जैसा, कटोरी जैसा, बुश जैसा या कुछ और?**

**उत्तर :** कटोरी जैसा।

**Q4. क्या ये फूल गुच्छे में हैं?**

**उत्तर :** नहीं, ये फूल गुच्छे में नहीं हैं।

